तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 30 दिसंबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 दफ्तर में सन्नाटा, स्कूल में पढ़ाई ठप, 54 सौ शिक्षक रहे अवकाश पर



## खबर संक्षेप

### चालीहे महोत्सव का समापन 4 को

**कोरबा।** सिंधी समाज के ईष्टदेव भगवान वरुण देव के अवतार सांई झूलेलाल का चालीहा महोत्सव श्रद्धा भाव से 22 नवम्बर से श्री झूलेलाल मंदिर रानी रोड कोरबा में मनाया जा रहा है। श्री झूलेलाल मंदिर महिला सेवा समिति के द्वारा प्रत्येक दिवस श्री धूनी साहब करके भगवान झूलेलाल की महिमा का वर्णन किया जा रहा है। सर्व समाज के कल्याण हेतू मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई है। पूज्य चालीहे महोत्सव का समापन 4 जनवरी को किया जावेगा। जिसमें सुबह 11 बजे श्री बहराणे साहब की पूजा श्री झूलेलाल मंदिर में की जावेगी। दोपहर 1 बजे आम भंडारे का आयोजन तथा शाम 4 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री झूलेलाल मंदिर से आरंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए ठाकुर घाट पुरानी बस्ती में महाआरती, पल्लव, पश्चात चालीहे साहब की ज्योत का परवान करके चालीहे साहब का समापन किया जावेगा।

### आईएमए ने डॉ. अर्पण विश्वास पर हुए हमले की निंदा

**कोरबा।** आईएमए ने एनसीएच गेवरा के चिकित्सक डॉ. अर्पण विश्वास पर हुए हमले की निंदा की है। आईएमए के अध्यक्ष डॉक्टर एस चंदानी और सचिव अजय स्वर्णकार ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर से लौटते समय डॉक्टर पर किया गया हमला न केवल एक चिकित्सक, बल्कि पूरे चिकित्सा समुदाय और मानवता पर हमला है। आईएमए ने स्पष्ट किया कि डॉक्टर समाज की सेवा निस्वार्थ भाव से करते हैं और उनकी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। संगठन ने दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई और चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। आईएमए ने कहा कि कोरबा क्षेत्र के सभी चिकित्सक एकजुट हैं और पीड़ित डॉक्टर व उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं। डॉक्टर सुरक्षित तभी समाज और स्वास्थ्य सुरक्षित यह आईएमए का स्पष्ट संदेश है।

### नववर्ष में चलेगा यातायात नियंत्रण अभियान

**कोरबा।** नववर्ष को लेकर जिले में शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में जिले के सभी थाना, चौकी और यातायात पुलिस इकाइयों को विशेष सतर्कता, निगरानी और चेकिंग अभियान के निर्देश दिए गए हैं। जिले के सभी थाना और चौकियों में व्यापारियों और डीजे संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्हें निर्धारित समय पर दुकान बंद करने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस सहयोग के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। बैंकों में नगद जमा करते समय सुरक्षा बरतने, अकेले न जाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित थाना/चौकी को देने की सलाह दी गई। डीजे संचालकों को शासन द्वारा निर्धारित समय और डेसिबल मानक का पालन करने तथा उल्लंघन पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### एकलशिक्षकीय व्यवस्था से मिली मुक्ति

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के अंतर्गत संचालित शासकीय प्राथमिक शाला झुनकीडीह वर्षों से एकलशिक्षकीय व्यवस्था के कारण जूझ रही थी। दूरदराज क्षेत्रों से विद्यालय में पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों को एक ही शिक्षक के कारण पढ़ाई में व्यवधान का सामना करना पड़ता था। कक्षाओं का नियमित संचालन प्रभावित होता था, जिससे बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर असर पड़ रहा था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अतिशेष शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण करते हुए उन विद्यालयों में पदस्थापना की गई, जहाँ शिक्षकों की कमी थी। इसी पहल का सकारात्मक प्रभाव ग्राम झुनकीडीह के बच्चों की सीखने की यात्रा पर देखने को मिला। यहाँ सहायक शिक्षक के रूप में देवेंद्र कुमार का पदस्थ होना विद्यार्थियों के लिए नई उम्मीद लेकर आया।

# अब बस एक क्लिक से मिलेगी ईपीएफ का पैसा निकालने की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नौकरीपेशा लोगों के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) हमेशा भरोसेमंद बचत का जरिया रही है। वर्ष 2026 ईपीएफ खाताधारकों के लिए राहत भरी खबर लेकर आई है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने विड्रॉल नियमों को सरल और स्पष्ट कर दिया है, ताकि लोगों को यह आसानी से समझ में आए कि वे अपना पैसा कब और किन परिस्थितियों में निकाल सकते हैं। इसका उद्देश्य रिटायरमेंट की बचत को सुरक्षित रखते हुए जरूरत के समय मदद प्रदान करना है।

विड्रॉल अब तीन प्रमुख श्रेणियों में पहले ईपीएफ विड्रॉल नियम 13 अलग-अलग कैटेगरी में बंटे थे, जिससे कर्मचारियों को कन्फ्यूजन होता था। अब नियमों को केवल तीन बड़ी श्रेणियों में बांट दिया गया है- जरूरी जरूरतें, घर से जुड़ी जरूरतें और विशेष परिस्थितियां। इससे न केवल फंड निकालना आसान हुआ है, बल्कि ऑनलाइन क्लेम की प्रक्रिया भी तेज और सरल हो गई है। ईपीएफ से पूरा पैसा केवल कुछ खास परिस्थितियों में निकाला जा सकता है, जैसे 58 साल की उम्र के बाद, वॉलंटरी रिटायरमेंट पर, डिसेबिलिटी या काम करने में असमर्थता की स्थिति में। इसके अलावा बेरोजगारी के तुरंत बाद 75 प्रतिशत और 12 महीने बाद बाकी 25 प्रतिशत निकासी की जा सकती है। विदेश में सेटल होने पर भी खाताधारक अपना पीएफ निकाल सकते हैं। कुछ विशेष जरूरतों के लिए भी ईपीएफ से पैसा निकाला जा सकता है। उदाहरण के लिए, 5 साल की सर्विस के बाद घर खरीदने, बनाने या रेनोवेशन के लिए पैसा निकाला जा सकता है। 10 साल की सर्विस के बाद होम लोन चुकाने के लिए 90 प्रतिशत तक राशि निकाली जा सकती है। रेनोवेशन के लिए महीने की सैलरी का 12 गुना या पीएफ कंट्रीब्यूशन में जो कम ⏭ शेष पेज 3 पर

### अब ईपीएफओ के नए नियम से पीएफ का निकालना हुआ आसान




#### रिटायरमेंट से पहले और टैक्स नियम

रिटायरमेंट से एक साल पहले या 54 साल की उम्र होने पर खाताधारक 90 प्रतिशत राशि निकाल सकते हैं। आपदाओं जैसे बाढ़ या भूकंप या दो महीने से अधिक सैलरी न मिलने की स्थिति में भी थोड़ी राशि निकाली जा सकती है। टैक्स के मामले में यदि कर्मचारी ने लगातार पांच साल या उससे ज्यादा नौकरी की है, तो ईपीएफ से निकाली गई राशि पूरी तरह टैक्स-फ्री होती है। पांच साल से पहले निकासी पर टीडीएस कट सकता है।

## शहर के मध्य स्थित एसएस प्लाजा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में संचालित थी दुकानें

# बालाजी स्टील, पद्मिनी ज्वेलर्स सहित पांच दुकानों में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान



आग की चपेट में आई दुकानें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के व्यस्ततम कॉम्प्लेक्स एसएस प्लाजा में उस वक्त अफरा तफरी मच गया जब बालाजी स्टील और पद्मनि जेवलर्स की दुकान में अचानक भीषण आग भड़क उठी। दुकान से उठती ऊंची लपटे और घना काला धुंआ दूर से ही दिखाई देने लगा। जिससे आसपास मौजूद दुकानदारों और राहगिरों में दहशत फैल गई और मौके पर भीड़ जमा हो गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया और आसपास के दुकानों को भी अपनी जद में ले लिया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आखिरकार घंटों के मशक्कत के बाद दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। आगजनी की इस घटना से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। घटना के पीछे शार्ट सर्किट को वजह माना जा रहा है। हालांकि जांच के बाद ही आगजनी की वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित एसएस प्लाजा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में सोमवार की सुबह लगभग 6 बजे आगजनी की घटना घटित हुई। सुबह मार्निंग वॉक पर निकले लोगों ने दुकानों से आग की लपटे और धुंआ उठते देखा। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर दर्जनभर से अधिक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरु किया गया। स्थिति को देखते हुए एसएस प्लाजा के आसपास की लगभग 50 से 70 दुकानें बंद करा दी गई थी। आग की तीव्रता अधिक होने के कारण राहत कार्यों में बाधा आई। आगजनी के बाद एसएस प्लाजा परिसर और आसपास के इलाकों में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। स्थानीय व्यापारी और दुकानदार अपनी अन्य दुकानों को बचाने के लिए सामान बाहर निकालने में जुटे रहे। देखते ही देखते आग भयावह रुप धारण कर लिया और बाला जी क्लाथ भंडार, बाला जी इलेक्ट्रिकल्स और एक अन्य दुकान को भी आग ने अपनी जद में ले लिया। जब तक आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया तब तक आग और भीषण होते हुए पहली मंजिल में फैल गयी। सुबह 6 बजें से दर्जनभर से अधिक दमकल की गाड़ियां आग पर काबू पाने का प्रयास में जुटी रही। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी और नगर निगम की टीम सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। घंटों तक आग पर काबू पाने का प्रयास जारी रहा। दमकल, पीएसयू, निगम व पुलिस की टीम ने आग पर काबू पाने पूरी ताकत झोंक दी। नीचे का ⏭ शेष पेज 3 पर

### दर्जनभर से अधिक दमकल की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पाया काब


आग बुझाती दमकल की टीम।



आग बुझने के बाद दुकान के बाहर जले हुए सामान।

### शिकायत के बाद भी नहीं उठाया गया कदम



एसएस प्लाजा में हुई आगजनी की घटना को लेकर इससे प्रभावित हुए पद्मिनी जेवलर्स के संचालक जगदीश सोनी का कहना है कि इस घटना से उनको लगभग 25 से 30 लाख रुपए का नुकसान का अनुमान है, वास्तविक नुकसान कितना हुआ है इसका आंकलन करने में एक दो दिन का समय लगेगा। उन्होंने इस घटना के लिए बालाजी स्टील के संचालक को भी जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि बालाजी स्टील के संचालक के द्वारा अपने दुकान के प्रथम तल पर सामने की ओर बनी गैलरी को अवैध रुप से कब्जा कर स्टोर रुम बनाया गया था। जहां रेक बनाकर भारी मात्रा में समान का भंडारण किया गया था। आगजनी की घटना के बाद इस स्टोर रुम को तोड़ने में ही लगभग दो से ढाई घंटे का समय दमकल कर्मियों को लगा जिसकी वजह से आग पर काबू पाने में बहुत देरी हुई और आग ने आसपास के दुकानों को अपनी चपेट में लेकर नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने डेढ़ वर्ष पूर्व साहेब गारमेंट में लगी आग की घटना के बाद ही इस संदर्भ में पुलिस एवं नगर निगम को शिकायत कर इस तरह की घटना की आशंका जतायी थी। उनका कहना है कि अगर मेरी शिकायत पर पूर्व में ही ध्यान दिया गया होता तो आज यह घटना घटित नहीं होती।

### नुकसान का आंकलन कर उठाए जाएंगे आवश्यक कदम : लखनलाल



एसएस प्लाजा में आगजनी की घटना की सूचना मिलने पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन घटना स्थल पर पहुंचे और प्रभावित व्यापारियों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन व्यापारियों के हर संभव मदद हेतु साथ है। जिला प्रशासन, नगर निगम को इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो इसके लिए तत्काल निर्देश दिए गए हैं। व्यापारियों की सुरक्षा और उनके व्यवसाय की निरंतरता शासन की प्राथमिकता है। आगजनी की घटना से हुए नुकसान का आंकलन कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, मंडल के अध्यक्ष योगेश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### साहेब गारमेंट्स आगजनी से नहीं लिया सबक

लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व टीपी नगर स्थित साहेब कलेक्शन में भी आगजनी की घटना घटित हुई थी। आगजनी के बाद हुए जांच में खुलासा हुआ था कि शार्ट सर्किट की वजह से दुकानों में आग लगी थी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। व्यवसायियों को भी लाखों की आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा था। शार्ट सर्किट की वजह से हुए भीषण आगजनी के बाद भी न तो नगर निगम व प्रशासन ने सबक लिया और न ही व्यापारियों ने। यही वजह है कि एक बार फिर व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स में आगजनी की घटना घटित हुई है। अगर पूर्व में हुए हादसे से सबक लिया होता तो संभवतः इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं होती।

### विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था बनी वजह : जयसिंह



एसएस प्लाजा स्थित बालाजी बर्तन भंडार में आग लगने के पीछे शार्ट सर्किट को वजह माना जा रहा है। इसके पूर्व भी शहर के व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स में आगजनी की घटना घटित हुई थी। शार्ट सर्किट के पीछे विद्युत वितरण विभाग की लचर व्यवस्था है। विभाग को ध्यान देना चाहिए कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। नगर निगम की भी यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है, गलत तरीके से किए गए विद्युत कनेक्शन और गलत ढंग से लगाए गए ट्रांसफार्मर को बदलना चाहिए।

### दमकल पहुंचने में देरी सांसद ने जतायी नाराजगी

सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि



घटना दुखद है। समय पर दमकल नहीं पहुंची और जो पहुंची वो भी खराब हो गई। कोरबा उद्योग नगरी है, यहां दमकल हमेशा अपडेट रहना चाहिए। इसे लेकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।

### जांच के बाद होगा खुलासा : संजूदेवी राजपूत

सुबह जैसे ही आगजनी की सूचना



मिली तत्काल बालको, एनटीपीसी सहित जहां से संभव हुआ दमकल की टीम बुलाई गई। इसके अलावा निगम के लिफ्टिंग मशीन व पानी टैंकर की व्यवस्था की गई है। दमकल विभाग, नगर निगम व प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। जल्द ही आग पर काबू पा लिया जाएगा। आगजनी के घटना के जांच के बाद वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

### की जाएगी जांच टीम गठित : आयुक्त

एसएस प्लाजा में आगजनी की



घटना घटित हुई है। जिसके पीछे संभवतः शार्ट सर्किट को वजह माना जा रहा है। नगर निगम, पीएसयू, फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने का प्रयास में जुटी हुई है। नगर निगम की लिफ्टर, जेसीबी व अन्य मशीनों की मदद भी ली गई है। आगजनी से बालीजी स्टील और पद्मिनी जेवलर्स में ज्यादा नुकसान हुआ है। आगजनी की घटना के कारणों को लेकर जांच टीम गठित की जाएगी।

### दमकल पहुंचने में हुई देरी

वहीं बालाजी इलेक्ट्रिकल के



संचालक गुंजन अग्रवाल ने भी दमकल के देर पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि एक बार आने के बाद पानी खत्म होने पर दोबारा दमकल बहुत देर से पहुंची लगभग आधा घंटा से अधिक का समय लगा। हालांकि ईश्वर की कृपा रही कि आधे घंटे में आग दुकान तक नहीं पहुंची।

## भिलाई से बुका पिकनिक मनाने आया था परिवार

# पिकनिक स्पॉट में छूटे बच्चे को परिवार से मिलाया पुलिस ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे लोको पायलट दिलीप पोर्ते का 5 वर्ष का बच्चा आखिरकार परिवार को मिल गया, जो जिले के पिकनिक स्पॉट बुका में छूट गया था। बांगो पुलिस ने इस मामले में तत्परता से कार्यवाही की।बताया गया कि भिलाई से रेलवे लोको पायलट दिलीप पोर्ते करीब 1 बजे अपने परिवार के साथ बुका पिकनिक स्थल पहुंचे थे। पिकनिक स्थल का निरीक्षण कर रहे पुलिसकर्मियों को जय प्रकाश यादव एवं गजेंद्र कैंटीन के पास एक 5 साल का बच्चा अकेले खेलते हुए दिखाई दिया। संदेह होने पर सिपाही ने बच्चे से पूछताछ की, जिस पर बच्चा रोने लगा।



बच्चे को गोद में लिए परिजन और उपस्थित पुलिस कर्मी।

जानकारी लेने पर पता चला कि जल्दबाजी में बच्चे के परिजन यहां से चले गए हैं और बच्चा छूट गया है। बच्चे ने अपना नाम तक्ष पोर्ते बताया जो एंजल पब्लिक स्कूल गांव गोड़पार, चरोदा (भिलाई) का छात्र है। उसने पिता के बारे में जानकारी दी। बांगो थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा के निर्देश पर एसआई राठौर के नेतृत्व में बांगो पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। स्कूल का नाम सर्च कर प्रिंसिपल से संपर्क किया गया, लेकिन परिजनों का नंबर नहीं मिल सका। इसके बाद चरोदा थाना प्रभारी और दुर्ग कंट्रोल रूम से संपर्क किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद एक सिपाही ने बच्चे के पिता का मोबाइल नंबर जुटाया। इसके बाद जब पिता से संपर्क करने पर मालूम चला कि यह सब गलतफहमी के चक्कर में हुआ। पुलिस ने उन्हें बताया कि बच्चा उनके पास सुरक्षित है। इसके बाद परिजन बांगो आए और बच्चे को अपनी सुपुर्दगी में लिया। पुलिस ने कहा कि विभिन्न स्पॉट में जाने वाले लोगों को खुशियां साझा करने के साथ बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि हड़बड़ी में गड़बड़ी न हो जाए।

# एनटीपीसी नहर में मिला मासूम का शव, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत एनटीपीसी नहर के तीन नंबर गेट के पास उस समय सनसनी फैल गई, जब नहर की सफाई के दौरान एक साल से कम उम्र के मासूम बच्चे का शव पानी में मिला। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया।


एनटीपीसी नहर में नियमित सफाई कार्य चल रहा था। इसी दौरान सफाई कर्मी की नजर पानी में तैरते बच्चे के शव पर पड़ा। शव दिखाई देने के बाद उसने तुरंत आसपास मौजूद लोगों को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही दर्री थाना पुलिस मौके पर पहुंची और



शव को नहर से बाहर निकलवाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल बच्चे की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मासूम की मौत हादसे में हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

**खबर संक्षेप**

## बाइक से स्टंट, युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर।** खतरनाक तरीके गोली चलने की आवाज निकालते हुए रायल एनफील्ड बाइक से स्टंटबाजी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुलेट जब्त कर लिया है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, 28 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे सूचना मिली कि बिरकोना रोड में रायल एनफील्ड बाइक क्रमांक सीजी 1 एक्यू, 3369 में सवार युवक खतरनाक तरीके से चलाते हुए गोली चलने की आवाज निकालते हुए स्टंटबाजी कर रहा है। जिससे अन्य वाहन सवारों को आवागमन में परेशानी हो रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए श्री आर्या स्टाफ के साथ बिरकोना रोड में दबिश देकर गोली चलने की आवाज निकालते हुए स्टंट करते हुए उक्त बुलेट सवार युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने चिंगराजपारा सूर्या चौक निवासी दिलीप सिंह पिता मुख्तियार सिंह की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 281, 189, 184 के तहत जुर्म दर्ज कर बुलेट जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया गया है।

## पुलिस से झूमाझटकी पिता पुत्र गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रास्ते में बाउंड्रीवाल बनाने का विरोध करने पर एक ग्रामीण के साथ पिता पुत्र ने लाठी से मारपीट कर दी। पुलिसकर्मियों ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी झुमाझटकी की गई है। पुलिस ने हमलावर पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, सेंदरी निवासी गजेंद्र साहू पिता स्व. रामप्रसाद साहू 33 साल व लक्ष्मी नारायण साहू का खेत अगल बगल में है। दोनों के खेत जाने का एक रास्ता है। लक्ष्मी नारायण साहू उक्त रास्ते में कब्जा कर बाउंड्रीवाल बनवा रहा था। गजेंद्र साहू ने बाउड्रीवाल बनाने का विरोध किया तो लक्ष्मी नारायण साहू, उसका बेटा जोगेश्वर साहू विवाद करने लगे। गजेंद्र साहू ने विवाद की सूचना पुलिस को दी। पुलिसकर्मी मौके पर गए तो उनके सामने पिता पुत्र गजेंद्र साहू के साथ लाठी से मारपीट करना शुरू कर दिया। पुलिसकर्मियों ने बीच बचाव किया तो पिता पुत्र ने पुलिसकर्मियों के साथ झूमाझटकी करने लगे। काफी मशक्कत के बाद पुलिसकर्मी पिता पुत्र को पकड़कर थाने ले आए। पुलिस ने गजेंद्र साहू की रिपोर्ट पर पिता पुत्र के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### परेशान होती रही जनता, लौटकर जाना पड़ा खाली हाथ

# कार्यालयों में पसरा सन्नाटा, तीन दिनों का अघोषित अवकाश, रजिस्ट्री शून्य



तहसील ऑफिस में अफसर का इंतजार करते फरियादी।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के द्वारा 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय सामूहिक कामबंद हड़ताल प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत सोमवार को जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में कर्मचारी अनुपस्थित रहे, जिससे पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा। तहसील और, रजिस्ट्री कार्यालय भी पूरी तरह खाली रहा। इस दौरान पूरे दिन में एक भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी।

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले 29 से 31 दिसंबर तक आयोजित तीन दिवसीय कामबंद हड़ताल की शुरूआत सोमवार से हो गई। 11 सूत्रीय मांगों को लेकर यह हड़ताल पूरे प्रदेश में जिला व ब्लॉक स्तर पर की जाएगी। हड़ताल से सरकारी कामकाज पूरी तरह प्रभावित रहा। तहसील कार्यालय में भू-अर्जन शाखा में तालेबंदी, नायब नाजिर लेखा शाखा में तालेबंदी व सारे तहसीलदार-अतिरिक्त तहसीलदारों के चेंबर खाली रहे। कर्मचारी पूरी तरह अनुपस्थित रहे जिससे पक्षकारों के कोई काम नहीं हो सके। सप्ताह का पहला दिन होने के कारण अधिकारी की कार्यालय में उपस्थिति को लेकर काम पूरा होने की उम्मीद में आए लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। रजिस्ट्री आफिस में भी कर्मचारी शत प्रतिशन अनुपस्थित रहे, जिन्हें अधिकारियों का समर्थन था। ऐसे में सोमवार को एक भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी।

मुख्यालय में औसतन 40 से 50 रजिस्ट्री प्रतिदिन होती है, जो पूरी तरह ठप रही, जिससे शासन को लाखों रूपए के राजस्व का नुकसान हुआ। कलेक्टोरेट परिसर स्थित खाद्य व खनिज आफिस सहित कलेक्टर व एडीएम कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी भी पूरी तरह अवकाश पर रहे। इसी तरह नई व पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग में कृषि, आबकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, उद्योग विभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग सहित यहां संचालित सारे विभागों में भी पूरी तरह सूनापन रहा। यहां आने वाले लोगों को बगैर कामकाज के ही वापस लौटना पड़ा। विभागों में तालेबंदी का यह सिलसिला अभी दो दिनों तक और चलेगा, जिससे लोगों के कामकाज अब नए साल में ही पूरे हो पाएंगे।



नेहरू चौक पर धरने को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

## फेडरेशन ने किया शासन का ध्यान आकर्षण

फेडरेशन के प्रांतीय निकाय के आह्वान पर तीन दिवसीय निश्चित कालीन बंद हड़ताल के प्रथम दिवस 29 दिसंबर को जिला फेडरेशन ने धरना प्रदर्शन कर नेहरू चौक पर मांगों में मोदी की गारंटी को लेकर शासन का ध्यान आकर्षण किया। संभाग प्रभारी जीआर चंद्रा, जिला संयोजक डॉ बी पी सोनी एवं महासचिव किशोर शर्मा ने बताया कि जन घोषणा पत्र में शासन द्वारा मांगों के सकारात्मक निर्णय नहीं लिए जाने से आक्रोशित अधिकारी एवं कर्मचारियों को फेडरेशन के पदाधिकारी पीआर यादव, जीआर चंद्रा, रोहित तिवारी, राजेंद्र दवे, अजीत नाविक, प्रदीप पांडे, संतोष तिवारी, नागेन्द्र शर्मा, भूपेंद्र बनाकर, केदारनाथ तिवारी आदि ने संबोधित किया। उन्होंने पूरी एक जुटता के साथ आंदोलन में भाग लेकर कर्मचारियों अधिकारियों को शासन को विवश करने के लिए आह्वान किया

### मरीजों का बना सहारा



## सिम्स में हड़ताल का असर नहीं

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा 3 दिवसीय काम बंद-कलम बंद आंदोलन पर है। इस दौरान छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में चिकित्सा सेवाएँ पूरी तरह सुचारू, व्यवस्थित रहीं। सिम्स प्रशासन के कड़े प्रबंधन और विभागीय समन्वय के चलते किसी भी मरीज को इलाज से वंचित नहीं किया गया है। जांच या देखभाल में आंशिक प्रभाव भले दिखा, लेकिन समय पर मरीजों को इलाज मिला। इस दौरान ओपीडी में 2000 से अधिक मरीज और 120 मरीज सिम्स में भर्ती भी हुए हैं।

सोमवार का दिन होने के कारण इस दौरान सिम्स की ओपीडी में 2000 से अधिक मरीज पहुंचें। वहीं आईपीडी में 120 भर्ती मरीजों को चिकित्सकीय देखभाल ले लिए भर्ती किया गया। इस दौरान बैठक में सिम्स नोडल अधिकारी डॉ. भूपेंद्र कश्यप, एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति, रेडियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. अमित ठाकुर, सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. ओपी राज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वैकल्पिक एवं सतत कार्य योजनाएँ प्रस्तुत की गई, जिससे अस्पताल की कार्यप्रणाली पर आंशिक प्रभाव पड़ा सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल से स्टाफ बुलाकर कार्य लिया गया।

### इलाज हमारी प्राथमिकता

सिम्स चिकित्सा संस्थान है। किसी भी परिस्थिति में मरीजों के इलाज से समझौता नहीं किया जा सकता है। मरीजों की सुरक्षा, सुविधा और समयबद्ध उपचार हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी है।"

-**डॉ. रमणेश मूर्ति**, डीन, सिम्स मेडिकल कालेज

### की जा रही निगरानी


डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मियों एवं प्रशासनिक टीम के समन्वय से सभी आवश्यक सेवाएँ निर्बाध रूप से संचालित की जा रही हैं। अस्पताल प्रशासन हर स्तर पर स्थिति की निगरानी कर रहा है।

-**डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स

## आरा मिल को वन विभाग ने किया सील

**बिलासपुर।** वन विभाग बिलासपुर की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए शनिचरी बाजार में अवैध रूप से संचालित हो रहे गुरुनानक सॉ आरा मिल को सील कर दिया है। आरा मिल को सील करने के साथ मौके से टीम ने लकड़ी सहित अन्य सारे उपकरण व मशीनों को जब्त करने के बाद वन अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

बिलासपुर शहर में उसलापुर, मंगला चौक के अलावा शनिचरी बाजार में आरामिल का संचालन किया जा रहा है, जहां कई संचालकों ने विभाग से अनुमति ली हुई है, लेकिन कई संचालक बिना अनुमति के भी संचालन कर रहे हैं, जिसकी वजह से विभाग को लाखों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे आरामिल संचालकों के खिलाफ वन विभाग की टीम लगातार कार्रवाई भी कर रही है। इसी तरह की सूचना बिलासपुर वन विभाग के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार को मिली कि शनिचरी बाजार मछली मार्केट के पास गुरुनानक सॉ आरामिल का अवैध रूप से संचालन किया जा रहा है, जिसकी मालिक आदर्श कालोनी निवासी



नरिंदर कौर है। सूचना मिलते ही अधिकारियों के निर्देश पर और बिलासपुर वन मंडल के रेंजर शुभम मिश्रा के नेतृत्व में उड़नदस्ता की टीम, परिक्षेत्र सहायक अधिकारी मुकेश साहू, कलेश पाल सहित अन्य स्टाफ तत्काल गुरुनानक सॉ आरामिल पहुंचे। आरामिल पहुंचकर वन विभाग की टीम ने वैध दस्तावेज की मांग की, जिसके नहीं दिखाने के बाद टीम ने मिल से 27 नग गोला, 42 नग टर्मिनेलिया अर्जुना कौहा चिरान, मशीनें व अन्य उपकरणों को जब्त करते हुए मिल को सील कर दिया है। विभाग की ओर से आरामिल के संचालक के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## लोको पायलेटों को चालक पत्र जारी

**बिलासपुर।** लालखदान हादसे के बाद रेल प्रशासन काफी मुस्तैद हो गया है। रेलवे के अधिकारी अब लोको पायलटों को ट्रेनों को कंट्रोल करने की विशेष ट्रेनिंग दे रहे हैं, जिसके लिए विशेष रूप से एक चालक पत्र जारी किया गया है। एसईसीआर के तीनों डिवीजन में अधोसरंचना के नाम पर लाइन की बढ़ोत्तरी के साथ मैन्युअल के स्थान पर अब आटो सिग्नलिंग में ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। नई तकनीक लागू करने के कारण चालकों को ट्रेन परिचालन में काफी परेशानी हो रही है। बिलासपुर के साथ नागपुर और रायपुर डिवीजन में पुराने चालक और सहायक चालकों को आटो सिग्नलिंग में ट्रेन चलाने की विशेष ट्रेनिंग भी दी जा रही है, जिसके बावजूद ट्रेनों की दुर्घटना में कमी नहीं हो रही है। सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर के अनुराग कुमार सिंह ने बताया किट्रेन का परिचालन करने वाले चालक व परिचालकों के लिए चालक पत्र जारी किया गया है, जिसमें ट्रेन चलाने की जानकारी शामिल है।

## कोयला लोडेड मालगाड़ी के वैगन में मिली लाश

**बिलासपुर।** कोयला लोडेड मालगाड़ी के वैगन में एक व्यक्ति की लाश मिली, जिसके कारण रेलवे स्टेशन में हड़कंप मच गया। सूचना पर आरपीएफ की टीम ने मौके पर पहुंचने के बाद सूचना लोकल पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस ने स्टेशन पहुंचकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर डिवीजन के आरपीएफ को सूचना मिली कि मालगाड़ी एन बाक्स जीटीपीएस के वैगन में एक व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां स्टेशन से बाहर



खड़ी कोयला लोडेड मालगाड़ी के वैगन के ऊपर लाश को देखकर आरपीएफ ने लोकल पुलिस को सूचित

किया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का पंचनामा और उसकी जांच की, जिसमें मृतक बनगवां राजनगर जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश निवासी सूरज खैरवार पिता राजकुमार खैरवार 28 साल की जानकारी मिली। उसके शरीर में कहीं भी चोट के निशान नहीं थे। इसकी सूचना तत्काल परिजन को दी गई। परिजन से पूछताछ में जानकारी मिली कि मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह हमेशा शराब के नशे में घूमता रहता था। पुलिस ने पूछताछ के बाद मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## ग्राम परसागुड़ी में 350 बोरी अवैध धान जब्त



**बलरामपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने तथा अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी देवेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में विकासखण्ड राजपुर अंतर्गत 350 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम परसागुड़ी में सुभाष गुप्ता जनरल स्टोर में अवैध रूप से भण्डारित 350 बोरी धान जप्त कर मण्डी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। इस दौरान तहसीलदार नरेन्द्र कुमार कवर सहित संयुक्त टीम मौजूद रही।

## महाप्रबंधक कार्यालय के सामने हुई उठाईगिरी की घटना

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर**

बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के सामने सोमवार दोपहर उठाईगिरी की घटना हुई है। अज्ञात बाइक सवार युवकों ने एक ग्रामीण युवक का पीछा कर उसकी बाइक में रखा बैग को मौका देख पार कर दिया, जिसमें 49 हजार रुपये नगद, पशुओं की दवाइयां और बैंक पासबुक रखी हुई थी। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- ग्रामीण युवक की रेकी कर बैग समेत 49 हजार रुपये नगदी लेकर फरार हुए अज्ञात बाइक सवार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जयनगर थाना क्षेत्र के राजापुर निवासी अमरनाथ सिंह पिता शिवनाथ सिंह ग्रामीण गौ सेवक का कार्य करता है। सोमवार दोपहर वह एसबीआई बिश्रामपुर शाखा से अपने बचत खाते से 49 हजार रुपये की निकासी कर घर में चल रहे कार्य के लिए मजदूरों को भुगतान करने जा रहा था। बैंक से निकलने के बाद वह एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के सामने स्थित शारदा जनरल स्टोर में किराना सामान खरीदने रुका। उसने अपनी बाइक खड़ी कर बैग को बाइक में ही रखा और दुकान के भीतर चला गया, पीड़ित ने बताया कि जैसे ही वह दुकान की सीढ़ी चढ़ रहा था तभी बैंक से पीछा कर रहे दो अज्ञात बाइक सवार युवकों ने उसकी बाइक में रखा बैग निकाल लिया और तेजी से अंबिकापुर रोड की तरफ फरार हो गए। घटना दोपहर करीब 12.30 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार घटना के बाद दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज में दो युवक बैग लेकर भागते हुए हुए दिख रहे हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है।

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती से साढ़े तीन लाख की उगाही

**बिलासपुर।** फेसबुक में दोस्ती करने के बाद अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती से 3 लाख 61 हजार रुपए की उगाही कर ली गई थी। पुलिस ने फरार आरोपी को दिल्ली गुड़गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

हिर्री पुलिस के अनुसार, वर्ष 2024 में क्षेत्र की रहने वाली एक 22 वर्षीय युवती की फेसबुक के माध्यम से एक युवक से दोस्ती हुई। वह अपने आपको डाक्टर बताते हुए मोबाइल में बातचीत करने लगा। इसी दौरान युवक ने शादी करने की बात कही। युवती भी शादी करने को तैयार हो गई। मोबाइल में बातचीत के दौरान युवक ने बहला फुसलाकर युवती से अश्लील फोटो मंगा लिया। उसके बाद उक्त फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देते हुए 3 लाख 61 हजार रुपए की उगाही कर ली। उसके बाद भी लगातार पैसे की मांग करने लगा। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर मोबाइलधारक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया था। साइबर सेल तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर हिर्री पुलिस ने दिल्ली गुड़गांव में दबिश देकर राव काम्प्लेक्स मकान नम्बर 239 निवासी योगेन्द्र उर्फ अमन चतुर्वेदी पिता ओमप्रकाश को गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

- दिल्ली से आरोपी गिरफ्तार

## आरटीओ ई चालान भुगतान के लिए करें विभाग के वेबसाइट का उपयोग

**अंबिकापुर।** आरटीओ ई चालान के माध्यम से ठगी करने के मामले सामने आ रहे है। ठगों द्वारा विभाग का फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों से ठगी की जा रही है। जिसे लेकर विभाग ने विभाग ने लोगों से जागरूक और सतर्क रहने का आह्वान किया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विनय सोनी ने बताया कि राज्य में आरटीओ ई चालान से संबंधित स्कैम सामने आ रहे हैं, जिसमें विभागीय वेबसाईट का क्लोन पेज बनाकर ई चालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में छद्म तरीके से डराने वाले मैसेज के माध्यम से लिंक भेजकर आम लोगों की व्यक्तिगत जानकारी और जमा खाते से पैसे चुरा लेते है। परिवहन विभाग द्वारा आम लोगों से यह आह्वान किया है कि ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए मैसेज लिंक (जैसे एपीके फाईल, किसी व्यक्तिगत नंबर से भेजे गये मैसेज लिंक पर क्लिक न करें। अपने वास्तविक चालान की जांच करने के लिए आधिकारिक विभागीय वेबसाइट पर जाकर ई-चालान के पेज पर पे ऑन लाइन पर क्लिक कर चालान नंबर एवं कैप्चा कोड डालकर गेट डिटेल पर क्लिक कर मोबाईल ओटीपी डालकर चालान विवरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## नो मेपिंग चलते मतदाता सूची से नाम कटने वाले 1 लाख 26 सौ को नोटिस

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण एसआईआर में जिले के 1 लाख 26 सौ 27 मतदाता नो मेपिंग श्रेणी में आने के कारण उनका नाम मतदाता सूची से कट गया है। नो मेपिंग वाले इन मतदाताओं का 2003 के मतदाता सूची में न नाम मिला और न ही वे निर्वाचन आयोग द्वारा तय किए गए आवश्यक दस्तावेज जमा कर पाए हैं। इसलिए नो मेपिंग वाले इन लोगों को नोटिस जारी किया जाएगा और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर दावा आपत्ति तिथि के पहले नाम जोड़वाने अवसर दिया जाएगा।

एसआईआर तहत नो मेपिंग श्रेणी में आने के कारण जिन 1 लाख 26 सौ 27 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से कट गया है, उन्हें अब एआरओ द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा और संबंधित बीएलओ उन लोगों तक नोटिस पहुंचाएंगे। इससे वे लोग आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना नाम जोड़वा सकेंगे, क्योंकि 2003 के मतदाता सूची की जानकारी देने और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण ही इनका काटा गया है। एसआईआर के दौरान मतदाताओं को बीएलओ द्वारा जो गणना फार्म भरने के लिए बांटा गया था, उसमें मतदाताओं को एक कॉलम में वर्ष 2003 के मतदाता सूची में अपना नाम देखकर जानकारी देना था, साथ ही माता-पिता की जानकारी भी गणना फार्म में देना था। 2003 के मतदाता सूची में मतदाता क्रमांक भाग संख्या विधानसभा क्रमांक आदि भरना था। गणना फार्म भरने में मतदाताओं को सबसे ज्यादा माथापच्ची 2003 के मतदाता सूची में नाम देखने के लिए करनी पड़ी। बहुत से मतदाताओं का नाम 2003 की सूची में नहीं मिला या फिर वे उस कॉलम की जानकारी को नहीं भरे। उक्त जानकारी नहीं होने पर उन्हें निर्वाचन आयोग की ओर से तय किए गए 13 दस्तावेजों में कोई भी आवश्यक दस्तावेज फार्म के साथ जमा करना था। लेकिन मतदाताओं ने वे आवश्यक दस्तावेज भी जमा नहीं किए, जिसके कारण ऐसे मतदाता

### नाम जोड़वा सकते हैं मतदाता

एसआईआर दौरान नो मेपिंग वाले लगभग 1 लाख 26 सौ मतदाताओं के नाम कटे हैं। इनके द्वारा गणना फार्म में 2003 के मतदाता सूची की जानकारी नहीं दी गई और न ही आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं। इसलिए नो मेपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किया जा रहा है ताकि वे आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना नाम जोड़वा सकते हैं।

# अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलटी एसजीजीयू की इनोवा कार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर**

लटोरी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम मजिरा के निकट छतरपुर चौक के पास एसजीजीयू की तेज रफ्तार इनोवा कार पलट गई। दुर्घटना में इनोवा चालक के दोस्त की मौत हो गई वहीं चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रबंधन को सूचना दिए बिना एसजीजीयू की इनोवा कार क्रमांक सीजी 02 5504 का चालक वाहन को लेकर अपने घर चला गया था। रविवार को सुबह उसने कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी को फोन कर वाहन को विवि के पुराने परिसर में खड़ी करने की सूचना दी लेकिन गाड़ी लेकर नहीं पहुंचा। छुट्टी होने के कारण इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। चालक रविन्द्र कुमार सुबह 10 बजे अपने पड़ोसी रमेश मराने सिलेंडर लेकर निकला था। इस दौरान उसने पड़ोसी से पहले थोक सब्जी मंडी चलने एवं 10 मिनट में घर आने की बात कह निकला था। काफी समय गुजरने के बावजूद जब दोनों नहीं लौटे तो दोपहर ढाई बजे रमेश की पत्नी ने चालक को फोन कर अपने पति रमेश को तत्काल घर छोड़ने को कहा। चालक ने 10 मिनट में घर पहुंचने की सूचना भी दी। काफी समय



गुजरने के बाद भी दोनों घर नहीं लौटे तो नीलम ने दोबारा चालक रविन्द्र को फोन किया तो दूसरे व्यक्ति ने फोन पर इनोवा के पलटने एवं दोनों सवारों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना दी। बताया जा रहा है दोनों बलसेड़ी के रास्ते तेज रफ्तार से अम्बिकापुर वापस लौट रहे थे। इस दौरान मजिरा-छतरपुर चौक के पास तेज रफ्तार इनोवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। दुर्घटना में इनोवा कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई वहीं चालक रविन्द्र कुमार व उसका पड़ोसी रमेश विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची लटोरी पुलिस ने घायलों को लटोरी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सक ने दोनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया। गंभीर रूप से घायल रमेश विश्वकर्मा के परिजन ईलाज के लिए एक निजी अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल चालक का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।

### नशे में था चालक

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इनोवा चालक रविन्द्र कुमार शराब के नशे में था तथा तेज रफ्तार से इनोवा चला रहा था। चिकित्सकों ने भी इसकी पुष्टि की है। चालक रविन्द्र कुमार ने स्वयं भी स्वीकार किया है कि उसने अपने पड़ोसी रमेश विश्वकर्मा के साथ शराब पी थी। पीएम उपरांत पुलिस ने मृतक का शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है। बताया जा रहा है शनिवार को ही चालक इनोवा कार लेकर अपने घर चला गया था। इस संबंध में एसजीजीयू के कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया है। सुरक्षाकर्मियों एवं प्रभारियों की उपस्थिति में चालक द्वारा बिना सूचना वाहन ले जाने की जांच कराई जाएगी तथा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### शिक्षा, गरीबी और अज्ञान से दिलाती है मुक्ति : राठिया

**मड़वारानी**। शिक्षा गरीबी, अज्ञान, और अन्याय से मुक्ति दिलाती है। यह प्रगतिशील समाज का आधार है। उक्त बातें रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने ग्राम पंचायत मुकुंदपुर के आश्रित ग्राम कुरुडीह में सवरा डेरा (सपेरा बस्ती) में भोजन प्रसाद, कम्बल, गरम कपड़ा वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। श्री राठिया ने कहा कि आप लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजो, पढ़ाओ लिखाओ। बच्चों के उच्च शिक्षा के लिए मै आपको आर्थिक सहयोग प्रदान करूंगा। उन्होंने सपेरा बस्ती में नवीन आंगनवाड़ी केंद्र खोलने की घोषणा किए। उक्त कार्यक्रम समाज सेवी मनोज कुमार गुप्ता उत्कृष्ट बीमा अभिकर्ता सरगबुंदिया, गोपी जायसवाल, सनत रजक, जी डी मिश्रा, सुखी राम कश्यप, डॉ प्यारे लाल आदिले, सेवानिवृत्त प्राचार्य तारा सिंह कंवर, पी पटेल, फिरतन विश्वकर्मा, शीत चौहान, फ़रित सारथी, अरुण यादव, मोहन यादव आदि के संयुक्त तत्वावधान में सवरा डेरा में भोजन प्रसाद, कम्बल, गरम वस्त्रों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। हमें आपस में मिलकर जरूरतमंद लोगों की यथा योग्य सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर विधायक निज सहायक प्रवीण ओगरे, प्रमोद राठौर, कमल सिंह पैकरा , द्वारिका कौशिक, प्रमोद श्रीवास,घनाराम खांडे उपस्थित रहे।

### बालको के किसान मेले से कृषि नवाचार को मिला बढ़ावा

**कोरबा**। वेदांता समूह की कंपनी बालको ने किसान दिवस के अवसर पर ग्राम बेला और सोनगुढ़ा गांव में किसान मेला का आयोजन किया। इस मेले में 40 गांवों से आए 750 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में तकनीकी विशेषज्ञ, सरकारी अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि और कृषि उद्यमी भी शामिल हुए। यह मेला किसानों के लिए आधुनिक खेती और सतत आजीविका से जुड़ी जानकारी साझा करने का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम साबित हुआ।

# नव वर्ष से पूर्व सुरक्षा एवं शांति सुनिश्चित करने पुलिस ने शुरू की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नव वर्ष के मद्देनजर और जनसामान्य को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करने के लिए, पुलिस ने जिले में तैयारियां की हैं। जिले के सभी प्रमुख पिकनिक स्थलों, पर्यटन क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की गश्त एवं चौकसी बढ़ा दी गई है।

पुलिस का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नागरिकों का उत्सव सुरक्षित, व्यवस्थित और कानून के दायरे में रहकर मनाया जाए। टीमें जिले के हर लोकप्रिय पिकनिक स्थल और अन्य मनोरंजन क्षेत्रों पर लगातार गश्त और निगरानी कर रही हैं। शराब पीकर वाहन चलाना, अत्यधिक तेज आवाज में संगीत बजाना, सार्वजनिक स्थान पर अश्लील आचरण, या किसी भी प्रकार की कानून-विरोधी गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई तत्काल की जाएगी। इस अभियान के तहत, पुलिस दल ट्रैफिक नियमों की पालना, नशे में गाड़ी चलाना, ध्वनि प्रदूषण रोकथाम और महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। चलती हुई गाड़ियों की रैंडम चेकिंग भी की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि वे नव वर्ष का आनंद जिम्मेदारी के साथ लें, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करें और कानून का सम्मान करें। किसी भी आपात स्थिति या शिकायत के लिए, नागरिक पुलिस नियंत्रण कक्ष या स्थानीय थाने से तुरंत संपर्क कर सकते हैं।

### सभी पिकनिक स्थलों पर हो रही गश्त

**खास बातें**

- नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्यवाही



## 7 दिनों में 79 वाहनों पर चालान

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा



कार्यवाही करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सड़क सुरक्षा को लेकर कोरबा पुलिस ने जिलेभर में सघन वाहन जांच अभियान चलाया। यह अभियान 22 से 28 दिसंबर तक विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में संचालित किया गया, जिसके तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर विशेष निगरानी रखी गई।

अभियान के दौरान चेकपोस्ट एवं मोबाइल पेट्रोलिंग के माध्यम से वाहनों की जांच की गई। इस दौरान मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कुल 79 वाहन चालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, नशे की हालत में वाहन चलाना गंभीर अपराध है और इससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर जिले में नाइट पेट्रोलिंग और वाहन चेकिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और नागरिक सुरक्षित वातावरण में आवागमन कर सकें। कोरबा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करें। साथ ही तेज रफ्तार, लापरवाही एवं खतरनाक ड्राइविंग से बचें। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों, विशेषकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# खदान के मुहाने पर मिली लापता ठेका कर्मी की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- ग्राम सोनपुरी से अस्पताल जाने निकला था युवक

सोनपुरी से अस्पताल जाने की बात कहकर निकला एक युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों की लगातार तलाश के बीच रविवार देर शाम उसकी लाश कुसमुंडा खदान के मुहाने पर मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक कुसमुंडा खदान में ठेका कर्मी के रूप में कार्यरत था। पुलिस ने शव को मर्च्युरी में रखवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



मृतक

जानकारी के अनुसार हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम बोईदा निवासी 32 वर्षीय चंद्रशेखर मरार कुसमुंडा खदान में नीलकंठ नामक ठेका कंपनी में कार्यरत था। कुछ दिन पहले वह अपनी पत्नी को प्रसव के लिए शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराने आया था। प्रसव के बाद चंद्रशेखर अपने दोस्तों से मिलने सर्वमंगला पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम सोनपुरी गया था।

बताया गया कि शनिवार रात करीब 10 बजे वह अस्पताल लौटने की बात कहकर दोस्तों के पास से निकला, लेकिन न तो अस्पताल पहुंचा और न ही घर लौटा। इसके बाद परिजन उसकी तलाश में जुट गए और सोशल मीडिया के माध्यम से भी युवक की जानकारी साझा की जा रही थी। रविवार की देर शाम कुसमुंडा खदान के मुहाने पर एक अज्ञात युवक का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी विभव तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शिनाख्ती के दौरान शव की पहचान चंद्रशेखर मरार के रूप में की गई। पुलिस ने शव को मर्च्युरी शिफ्ट कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### राशन दुकान से नगदी, मोबाइल और लैपटॉप की चोरी

**कोरबा**। सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत टीपी नगर स्थित आकांक्षा सेल्स कार्पोरेशन में चोरों ने चोरी के वारदात को अंजाम दिया है। चोर शटर में लगे ताला तोडक़र दुकान के भीतर पहुंचे थे। व्यवसायी दुकान खोलने पहुंचा तो उसे चोरी की जानकारी हुई। दुकान में रखे 80 हजार रूपए नगदी के अलावा लैपटॉप व मोबाइल की चोरी कर दुकान के फरार हो गए। सीएसईबी पुलिस चौकी अंतर्गत टीपी नगर प्लाट नंबर 188 में आकांक्षा सेल्स कार्पोरेशन का संचालन दीपक अग्रवाल के द्वारा किया जाता है। प्रतिदिन की तरह शनिवार की रात दुकान बंद कर श्री अग्रवाल घर चले गए। वे रविवार की सुबह करीब 10 बजे दुकान खोलने पहुंचे। इस दौरान उनकी नजर दुकान के शटर पर पड़ी। शटर में लगा ताला टूटा हुआ था। शटर जमीन से कुछ ऊपर था। श्री अग्रवाल को माजरा समझने में देर नहीं लगी। उन्होंने शटर खोलकर देखा तो दुकान के भीतर सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। चोरों ने गल्ले में रखे 80 हजार रूपए नगदी के अलावा मोबाइल व लैपटॉप को पार कर दिया था। व्यवसायी ने सीसीटीवी कैमरे को खंगालने का प्रयास किया तो डीवीआर भी गायब मिला। चोर डीवीआर को लेकर फरार हुए थे, ताकि उनकी तस्वीर न मिले। घटना की सूचना व्यवसायी ने तत्काल सीएसईबी पुलिस चौकी पहुंचकर दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी भीमसेन यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आरोपियों की पतासाजी शुरू कर दी है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बालाजी स्टील...

शटर तोड़कर पहली मंजील में पहुंचकर घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, जिसके बाद व्यापारियों ने राहत की सांस ली। फिलहाल शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। वहीं इस घटना में व्यापारियों को लाखों रूपये की क्षति होने का अनुमान है। घटना का सुखद पहलु यह रहा कि जिस वक्त आगजनी की घटना हुई दुकानें बंद थी जिसकी वजह से ग्राहक भी नहीं थे अन्यथा किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।

### अब बस...

हो, उतना निकाला जा सकता है। यह सुविधा दो बार इस्तेमाल की जा सकती है। **मेडिकल, शादी और पढ़ाई के लिए निकासी:** ईपीएफ फंड का उपयोग आप अपने, जीवनसाथी, माता-पिता या बच्चों के इलाज के लिए कभी भी कर सकते हैं। इसमें न्यूनतम सर्विस की शर्त नहीं है। 7 साल की सर्विस के बाद आप अपनी या बच्चों या भाई-बहनों की शादी के लिए कुल कंट्रीब्यूशन का 50 प्रतिशत निकाल सकते हैं। इसी तरह 7 साल की सर्विस के बाद बच्चों की पढ़ाई कक्षा 10 के बाद के लिए भी कुल कंट्रीब्यूशन का 50 प्रतिशत तक निकासी संभव है।



## खबर संक्षेप



### उमरेली में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ

**मड़वारानी।** जनपद पंचायत करतला अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरेली में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोक विश्राम कंवर के करकमलों से किया गया। अटल डिजिटल सेवा केंद्र से ग्रामवासियों को कई प्रकार की डिजिटल ऑनलाइन सेवाएं प्रदान की जाएगी। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोक विश्राम कंवर ने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र से ग्रामवासियों को काफी लाभ होगा और गांव से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम पंचायत उमरेली सरपंच श्रीमती सुक बाई कंवर, उपसरपंच श्रीमती शारदा संजू देवांगन, शत्रुघन देवांगन, ग्राम पंचगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### जनदर्शन में करण और मीना को मिला व्हीलचेयर



**कोरबा।** कलेक्टर जनदर्शन में लोगों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता रही है। इसी क्रम में आज कलेक्टर जनदर्शन के दौरान ग्राम पोटापानी, जनपद पंचायत पाली के निवासी करण श्रीवास एवं मीना श्रीवास द्वारा व्हीलचेयर की मांग प्रस्तुत की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर के समक्ष अपनी आवश्यकता रखते ही मामले पर तत्काल संज्ञान लिया गया। समाज कल्याण विभाग, कोरबा द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई और जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग तथा अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, सयुंक्त कलेक्टर ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर तुलाराम भारद्वाज की उपस्थिति में दोनों हितग्राहियों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। कलेक्टर जनदर्शन में कुल 86 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में आमनागरिको की समस्याओं को सुना गया।

### जिला स्तरीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन युवाओं ने दिखाया दमखम



**कोरबा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार से संबद्ध मेरा युवा भारत कोरबा द्वारा जिला स्तरीय स्पोर्ट्स मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन दिनेश चंद्र यादव के निर्देशन में 27 एवं 28 दिसंबर को विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, सीएसईबी कोरबा परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुष वर्ग में कबड्डी, गोला फेंक एवं 800 मीटर दौड़, जबकि महिला वर्ग में रस्साकसी, गोला फेंक एवं 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न ब्लॉकों से चयनित विजेता प्रतिभागियों ने अपने-अपने ब्लॉक का प्रतिनिधित्व किया। कबड्डी प्रतियोगिता में कोरबा ब्लॉक की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पोड़ी ब्लॉक की टीम उपविजेता रही। वहीं महिला वर्ग की रस्साकसी प्रतियोगिता में पोड़ी ब्लॉक की टीम विजेता और करतला ब्लॉक की टीम उपविजेता रही। अन्य प्रतियोगिताओं में भी युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### सुशासन सप्ताह शिविर में हो रहा समस्याओं का निराकरण

**मड़वारानी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के अवसर पर प्रशासन गांव की ओर योजना के तहत सरकार ने इस सप्ताह की सुशासन सप्ताह के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है। इस योजना के तहत जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में आज ग्राम पुरैना में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विभाग के अधिकारियों द्वारा जनता की समस्या सुनी और समस्या का समाधान किया गया। इस शिविर में 101 आवेदन प्राप्त हुआ था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अशोका कंवर अध्यक्ष जनपद पंचायत करतला उपस्थित रहे। शिविर में राजस्व, खाद्य, जनपद, महिला एवं महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, श्रम विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी गई अलग-अलग विभागों के अधिकारियों द्वारा जानकारी शिविर में पहुंचे ग्रामीणों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनपद सीईओ वैभव कौशिक, बीईओ संदीप पाण्डेय, नायब तहसीलदार मनोज झा,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत करतला, अजय कंवर भाजपा जिला मंत्री आदि उपस्थित थे।

# नए साल के पहले महीने में भी नहीं शुरु हो सकेगा रेडी टू इट का उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नये साल के पहले महीने में भी रेडी टू इट का उत्पादन जिले के किसी भी परियोजना में शुरु नहीं हो पाएगा। पूर्व में यह जानकारी सामने आयी थी कि जनवरी में उत्पादन का काम शुरु कर दिया जाएगा किंतु अब तक उत्पादन की यूनिट बैठाने में ही लंबा समय लग रहा है। साथ ही फूड सैंपल और लाइसेंस लेने में भी समूहों को लंबी प्रक्रिया का पालन करना पड़ रहा है।

रेडी टू इट के उत्पादन के लिए महिला बाल विकास विभाग के द्वारा समूहों से आवेदन मंगाने की प्रक्रिया मई महीने में शुरु की गई थी। जो पूरा होने में तीन महीने का लंबा समय लग गया। सितंबर महीने में समूहों का चयन कर उन्हें परियोजना का काम भी आबंटित किया गया। उसके बाद जिन समूहों को काम दिया गया था उन समूहों के द्वारा रेडी टू इट के लिए खाद्य एवं औषधि सुरक्षा विभाग से लाइसेंस लेने के साथ पुणे (महाराष्ट्र) के लैब से अपने सैंपल पास कराने की लंबी प्रक्रिया का पालन करना पड़ा। इन दोनों प्रक्रियाओं में समूह को जितना समय लगा उससे ज्यादा समय चयनित समूहों को अपने परियोजना क्षेत्र में उत्पादन यूनिट बैठाने में लग रहा है। 10 परियोजना में चयनित समूह के द्वारा उत्पादन के लिए यूनिट लगाया जाना है। इनमें कोरबा शहरी और ग्रामीण के लिए पंपहाउस के अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क की जगह का चयन किया गया है। इसके अलावा अन्य परियोजना कार्यालयों में भी इसी तरह की यूनिट बैठायी जानी है जिस पर अभी भी महिला स्व सहायता समूह के द्वारा कार्य किया जा रहा है। इन सब प्रक्रियाओं में समय लगने के कारण नए साल के जनवरी महीने में किसी भी परियोजना कार्यालय से रेडी टू इट का उत्पादन संभव नहीं लगता। इस बात को विभाग भी स्वीकार कर रहा है।

## लाइसेंस और सैंपल स्वीकृति की प्रक्रिया में लगा लंबा समय

**खास बातें**

- विकास खंड मुख्यालय में मशीन की यूनिट बैठाने का चल रहा है काम




### यूनिट में 25 लाख का खर्च

परियोजना क्षेत्र में महिला समूहों के द्वारा रेडी टू इट उत्पादन के लिए जो यूनिट बैठायी जा रही है उसकी लागत 25 लाख रुपए बताई जा रही है। यही कारण है कि इतनी बड़ी राशि खर्च करने वाले महिला समूह को ही काम दिया गया है। जिनमें जिले की महिला समूह की संख्या कम बताई गई है हालांकि उत्पादन का काम जिले के महिला समूह को ही दिया जाएगा। जिनके द्वारा मिनी प्लांट में कार्य कर उत्पादन प्रक्रिया में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

## अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल का दिखा असर

# दफ्तर में सन्नाटा, स्कूल में पढ़ाई ठप, 54 सौ शिक्षक रहे अवकाश पर



काम के लिए कलेक्टोरेट आए भटकते पक्षकार।



कलेक्टोरेट के गलियारों में पसरा सन्नाटा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

11 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से शुरु हुई अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल से सरकारी दफ्तरों मे कहीं ताला लटका रहा तो कहीं सन्नाटा पसरा रहा। वहीं 54 सौ शिक्षकों के अवकाश पर जाने से स्कूलों की पढ़ाई भी ठप रही। मानदेय शिक्षकों भरोसे तीन दिन चलेगी शिक्षा व्यवस्था। मध्यान्ह भोजन कर वापस लौटे बच्चे।

**खास बात**

- आईटीआई चौक में फेडरेशन ने शुरू किया तीन दिवसीय धरना

तीन दिवसीय अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल का सोमवार पहला दिन था और पहले दिन ही हड़ताल का व्यापक असर जिला मुख्यालय से लेकर ब्लॉक मुख्यालय के सरकारी दफ्तरों और स्कूलों में नजर आया। 29 से 31 दिसंबर तक चलने वाली हड़ताल के संबंध में बीते महीने ही अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने रणनीति तैयार करते हुए इसकी सूचना शासन को एक माह पूर्व ही अवगत करा दिया था। नियत तिथि आते ही फेडरेशन के पदाधिकारी सक्रिय हो गए। सोमवार को सुबह 11 बजे से हमेशा की भांति खुलने वाले सरकारी दफ्तर नहीं खुले। केवल कार्यपालक और अनुविभागीय दण्डाधिकारी सहित अपर कलेक्टर सहित जिला पंचायत सीईओ अपने दफ्तरों में बैठे नजर आए। अन्य अधिकारी कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल रहे। शिक्षा विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, स्थानीय निर्वाचन विभाग, नापतौल विभाग सहित अन्य जरुरी दफ्तरों में ताला लटका नजर आया। महिला बाल विकास विभाग में कुछ कर्मचारी काम करते नजर आए। हड़ताल का असर ऐसा रहा कि जिले के 54 सौ शिक्षकों ने हड़ताल पर शामिल होने के लिए सामूहिक अवकाश पर जाने का आवेदन पत्र शुक्रवार को ही विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को सौंप दिया था। परिणाम स्वरुप सोमवार को जब स्कूल खुला तो शिक्षक नजर नहीं आए। केवल मानदेय शिक्षक और मानदेय भृत्य ही स्कूलों में मौजूद थे। कुछ स्कूलों में मानदेय शिक्षकों ने स्कूल की व्यवस्था संभाली और पूरे समय बच्चों को पढ़ाने का काम किया। वहीं दूसरी ओर जिन स्कूलों में मानदेय शिक्षक पदस्थ नहीं थे वहां बच्चे मध्यान्ह भोजन खाने के बाद वापस लौट आए। कलेक्टोरेट में अपने काम से पहुंचने वाले कुछ लोग भटकते नजर आए।



धरनास्थल में बैठे फेडरेशन के सदस्य।

### मिसल की नकल के लिए भटकते रहे लोग

हड़ताल का असर सबसे ज्यादा शिक्षा व्यवस्था और राजस्व कार्यों में नजर आया। जहां आम लोग प्रभावित नजर आए। जिला मुख्यालय की नकल शाखा के कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से ताला लटका रहा। इससे उन पक्षकारों को बैरंग लौटना पड़ा जो जमीन के मिसल की नकल लेने हेतु ग्रामीण अंचल से कलेक्टोरेट पहुंचे हुए थे। वहीं तहसील शाखा में तहसीलदार, नायब तहसीलदार दफ्तरों में बैठे हुए थे तो वहीं दूसरी ओर राजस्व कार्यों की रीढ़ समझा जाने वाला मैदानी अमला पटवारी भी हड़ताल पर रहे।

### संविदा कर्मी ही करते रहे काम

जिला व जनपद पंचायतों में पदस्थ संविदा कर्मी हड़ताल से अलग रहे और हमेशा की तरह दफ्तरों में नियमित रुप से कामकाज करते नजर आए। ब्लॉक मुख्यालय में भी जिन दफ्तरों में कामकाज चलता रहा वहां संविदा कर्मियों के भरोसे ही दफ्तर संचालित हो रहे थे। जिससे जिला और जनपद पंचायतों में ग्रामीण अंचलों से आए लोगों को अपने कामकाज निपटाने में राहत मिली। तीन दिन तक जिला मुख्यालय से लेकर ब्लॉक मुख्यालय तक सभी दफ्तरों के काम संविदा कर्मियों के भरोसे ही संचालित होंगे।

### जनदर्शन में सुनी गई समस्याएं

सरकारी दफ्तरों में हड़ताल की वजह से जहां सन्नाटा पसरा रहा वहीं सोमवार को होने वाला जनदर्शन हमेशा की तरह चलता रहा। ग्रामीण क्षेत्रों से आए स्थानीय लोगों की समस्याएं एडीएम सुनते रहे। जनदर्शन अपने निर्धारित समय पर सुबह 11 बजे शुरु हो चुका था हालांकि अन्य दिनों की तुलना में आम लोगों की भीड़ कम थी।

# विश्व मित्र अकेडमी की चंचल और शिवरात्रि का क्रिकेट प्रतियोगिता भुवनेश्वर के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा स्थित विश्व मित्र क्रिकेट अकादमी ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर की टीम से ईस्ट जोन टूर्नामेंट खेलने हेतु विश्व अकादमी कटघोरा की दो होनहार महिला क्रिकेट खिलाड़ियों में चंचल और शिवरात्रि का चयन आगामी क्रिकेट प्रशिक्षण/प रतियोगिता हेतु भुवनेश्वर के लिए हुआ है। दोनों खिलाड़ी इन दिनों अकादमी में कोच विशाल दुबे के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कड़ा प्रशिक्षण ले रही हैं।




चयनित खिलाड़ी

चंचल और शिवरात्रि ने अपने अनुशासन, निरंतर अभ्यास और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है दोनों खिलाड़ी 30 दिसम्बर को बिलासपुर दल के साथ भुवनेश्वर के लिए रवाना होंगे चयन की खबर मिलते ही अकादमी परिसर सहित पूरे खेल जगत में हर्ष और उत्साह का माहौल बन गया। स्थानीय खेल प्रेमियों, अभिभावकों एवं खिलाड़ियों ने इसे कटघोरा क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया है। कोच विशाल दुबे ने इस अवसर पर कहा कि अकादमी का उद्देश्य ग्रामीण व कस्बाई प्रतिभाओं को सही मंच देना है। उन्होंने बताया कि चंचल और शिवरात्रि शुरू से ही मेहनती रही हैं और कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अभ्यास नहीं छोड़ा कोच के अनुसार, दोनों खिलाड़ियों में आगे राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की पूरी क्षमता है। सही मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत से वे निश्चित ही बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगी वर्तमान में शारीरिक प्रशिक्षण हेतु पेंड्रा महाविद्यालय व शिवरात्रि जय बूढा देव कालेज की छात्रा है एव अपना सतत प्रशिक्षण विश्वमित्र अकादमी से प्राप्त कर रही है।

# शराब भट्टी के आहते में एसईसीएल कर्मी का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत देशी अंग्रेजी शराब भट्टी के पास बने आहते में सोमवार की सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कृष्ण कुमार निराला (उम्र 55 वर्ष) के रूप में की गई है जो एसईसीएल कर्मी थे और ऊर्जा नगर कॉलोनी के निवासी थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कृष्ण कुमार निराला सोमवार की सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच शराब लेकर भट्टी परिसर स्थित आहते में पहुंचा था जहां उसने शराब पीया। कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने शराब तो पी थी, लेकिन मौत का स्पष्ट कारण समझ में नहीं आ रहा है। घटना की सूचना मिलते ही दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।



मृतक

# भाजपाइयों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सनातन धर्म से जुड़े कथित आपत्तिजनक बयानों को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा, महिला मंडल, जिला अध्यक्ष, पार्षद एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर भूपेश बघेल का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें नरेंद्र देवांगन, महिला मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता लगातार सनातन धर्म के खिलाफ उल्टे-सीधे बयान देते आ रहे हैं। भूपेश बघेल ने भी बार-बार सनातन आस्था को ठेस पहुँचाने का काम किया है। हिंदू समाज इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। सनातन हमारी संस्कृति और पहचान है, इसके खिलाफ बोलने वालों को जवाब मिलेगा। इस दौरान भाजपा नेता नरेंद्र देवांगन ने कहा कि भूपेश बघेल द्वारा सनातन पर की गई टिप्पणी निंदनीय है। कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति करती रही है और सनातन पर प्रहार करती रही है। भाजपा कार्यकर्ता यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सनातन धर्म का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने भूपेश बघेल का पुतला दहन करते हुए कांग्रेस विरोधी नारे लगाए और सनातन धर्म के समर्थन में जमकर नारेबाजी की गई।



# पुरैना में मनाया गया गौरा गौरी उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

ग्राम पंचायत पुरैना मड़वारानी में गौरा गौरी उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति लक्ष्मीन बाई कंवर जनपद सदस्य उपस्थित रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व उपसरपंच सुरेश साहू, कृष्ण कुमार बिंझवार, सरपंच पुरैना, भीम राजपूत, उपसरपंच, दिलीप कंवर, बढ़ाई बुडगा, सतीश चौहान, बाबूलाल चौहान एवं समस्त पंचायत के ग्रामवासियों और आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए थे।

## दीपका विस्तार से प्रभावित ग्राम नवापारा, कटकीडभरी का मामला

# रजिस्ट्री पर लगी रोक हटाने ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका विस्तार परियोजना से प्रभावित ग्राम नवापारा, कटकीडभरी के भूविस्थापित ग्रामीण सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर गांव की जमीन की रजिस्ट्री पर लगी रोक को हटाने की मांग करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन के इस आदेश से जमीन के फौती बंटवारा व नामांतरण के कार्य नहीं होने से पारिवारिक समस्या खड़ी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कई परिवार ऐसे हैं जिनकी एक ही पर्ची है और उसमें कई खातेदार हैं लेकिन खाता बंटवारा नहीं होने के कारण परिवार में मुआवजा व नौकरी को लेकर समस्या खड़ी हो रही है।



कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन करते प्रभावित ग्रामीण।

ग्रामीणों ने बताया कि दीपका तहसील से लगे ग्राम कटकीडभरी, नवापारा की जमीनों का फौती बंटवारा नहीं हो पा रहा है कई भूविस्थापित ऐसे हैं जिनका भूमि बंटवारा भी लंबित है। ऋण पुस्तिका में नए खातेदारों के नाम नहीं चढ़े हैं और प्रशासन के द्वारा रिकार्ड दुरुस्तीकरण पूर्णतः रोक दिया गया है। प्रशासन के इस कार्य से किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कटकी डभरी की 32.762 हेक्टेयर एवं नवापारा की 12.930 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया से गुजर रही है जो आंशिक अधिग्रहण के दायरे में आता है किंतु रोक लगाए जाने से आंशिक अधिग्रहण के दायरे से बाहर रहने वाली भूमि का भी रिकार्ड सुधार नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन के द्वारा रिकार्ड दुरुस्तीकरण में लगाई गई रोक को हटाई जाए ताकि जमीन के रिकार्ड सुधार को लेकर आ रही समस्या का निराकरण हो सके।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780